# शहर की आर्थिक उन्नति का नया किरदार, क्षिप्रा -विहार

## प्रॉपर्टी खरीदने वालों की यूडीए में लगी कतार, लग्जरी होटलो के बीच लजीज व्यंजनों के लिए 56 दुकान

▸ विकास प्राधिकरण बनाएगा अस्थाई, ऑफिस जमकर होगी बुकिंग



**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. विकास प्राधिकरण की वाणिज्यक शिप्रा विहार योजना की बुकिंग कब होगी, कैसे होगी, कितने में प्लाट मिलेंगे, इसके लिए निवेशकों का जमावड़ा विकास प्राधिकरण से लेकर योजना स्थल पर लगने लगा है. यही कारण है कि आर्थिक उन्नति का नया पता अब क्षिप्रा विहार बन गया है. ऐसे में अब यूडीए ने निर्णय लिया है कि जहां प्लाट बेचे जाएंगे, वहीं पर अस्थाई ऑफिस खोलकर बुकिंग की जाएगी.**

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वाणिज्यक क्षिप्रा विहार योजना का शुभारंभ कर दिया गया है. इसके लिए 11 जुलाई को वृहद स्तर पर आयोजन किया गया, इसमें होटल हब और 56 दुकान जैसी व्यवसाय गतिविधियों के लिए प्लॉट बेचे जाएंगे.

### केनोपी लगाएंगे, अस्थाई ऑफिस खुलेगा

अभी योजना का सिर्फ शुभारंभ किया गया है विज्ञप्ति निकालना बाकी है, बावजूद इसके विकास प्राधिकरण में लगातार शिप्रा विहार में प्लाट खरीदने के लिए खरीदारों की कतार लगने लगी है. निवेशकों से लेकर यूजर तक पहुंच रहे हैं और बुकिंग करने की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं. ऐसे में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने निर्णय लिया है कि शिप्रा विहार वाणिज्यक योजना के तहत चारों ओर केनोपी लगाई जाएगी और कंटेनर रखकर अस्थाई ऑफिस खोला जाएगा.

### मौके पर ही मिलेगी जानकारी होगी, बुकिंग

कौन सा प्लाट कितने में मिलेगा होटल हब के अंतर्गत खरीदार को क्या करना होगा, वहीं 56 दुकान कैसे बनाई जाएगी, कितने बड़े प्लाट उसके लिए खरीदना होंगे, इन सब की जानकारी मौके पर ही खरीदारों को मिल जाए इसके लिए जो ऑफिस अस्थाई तौर पर खुलेगा. वहां पर अधिकारी, कर्मचारी की मौजूदगी रहेगी. साथ ही ऑनलाइन विज्ञप्ति जो निकलेगी, उसके माध्यम से ऑनलाइन टेंडर ही प्लाट खरीदने के लिए डाले जाने की प्रक्रिया में भाग लेना होगा. यदि किसी को टेक्निकल जानकारी का अभाव होगा तो बुकिंग के लिए मौके पर मदद की जाएगी.

### चौरी सड़कें और बेहतर पार्किंग

कुल भूमि लगभग 20 एकड़ है, पूरी जमीन का व्यवसायिक उपयोग होगा. विकास प्राधिकरण की आवास योजना इसके आसपास बनी हुई है. होटल और 56 दुकान में इन्वेस्टमेंट करने वालों के लिए फायदा यह है कि महाकाल मंदिर से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है और इंदौर से 50 किलोमीटर की दूरी पर है. यहां परिसर की योजना बनाते समय सुव्यवस्थित और चौड़ी सड़कों व पार्किंग पर विशेष ध्यान दिया गया है. परिसर के भीतर 30, 24 और 14 मीटर चौड़ी पक्की सड़कें बनाई गई हैं, जबकि मुख्य पहुँच मार्ग 45 मीटर तक चौड़े हैं. यह न केवल यातायात के सुचारू संचालन में मदद करेगा, बल्कि संभावित निवेशकों को आकर्षित करने में भी सहायक होगा.

### क्षिप्रा विहार योजना पर एक नजर

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका है, उज्जैन में विकास प्राधिकरण ने इंदौर रोड स्थित शिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर का निर्माण किया है. जल्द यहां प्लॉट की बिक्री शुरू होगी. यह क्षेत्र होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन जैसी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक आदर्श स्थान माना जा रहा है. शिप्रा विहार प्रोजेक्ट की खासियत ये होगी कि चारों ओर से कनेक्टिविटी है. इंदौर रोड, देवास रोड सिक्स लाइन, फोर लाइन से यह योजना जुड़ी हुई है.

# फर्जी जमानत दिलाने पर सलोनी अरोरा पर धोखाधड़ी का प्रकरण

## कल्पेश याग्निक आत्महत्या में बड़ा खुलासा

▸ डाबी गिरफ्तार, सलोनी और वकील की बहन की तलाश में टीमें रवाना



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. चर्चित पत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या मामले में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. मुख्य आरोपी पत्रकार सलोनी अरोरा और दो अन्य के खिलाफ फर्जी जमानत दिलवाने के मामले में अब धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. क्राइम ब्रांच ने इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सलोनी की गिरफ्तारी के लिए टीमें मुंबई और अन्य शहरों में भेजी गई हैं.**

गौरतलब है कि पत्रकार कल्पेश याग्निक ने ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी. उन्होंने आत्महत्या से पहले वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को पत्र लिखकर मुंबई की पत्रकार सलोनी अरोरा द्वारा 5 करोड़ की मांग व झूठे केस में फंसाने की धमकी की जानकारी दी थी. घटना के 20 दिन बाद सलोनी को तत्कालीन डीआईजी हरिनारायणचारी मिश्रा की टीम ने मुंबई से गिरफ्तार किया था. वह कई दिनों तक जेल में रही, फिर 2019 में जमानत पर रिहा हुई थी. शुरुआत में सलोनी की जमानत उसकी भाभी ने ली थी, लेकिन बाद में भाभी ने वकील के माध्यम से जमानत वापस लेने की अर्जी लगाई. इसके बाद एक और महिला मधु श्रीवास्तव ने सलोनी के लिए जमानत दी, जो उसकी वकील की बहन बताई जाती है. 2024 में मधु ने भी जमानत वापस लेने का आवेदन दिया. बाद में आरोपी केदार डाबी ने सलोनी की जमानत दी, लेकिन जांच में पता चला कि वह 2022 में फर्जी जमानतदार कांड में आरोपी रह चुका है और हाईकोर्ट से उसे सशर्त जमानत मिली थी, जिसके तहत वह किसी अन्य की जमानत नहीं दे सकता था. इसके बावजूद उसने सलोनी की जमानत दी.

> क्राइम ब्रांच ने पत्रकार नीरज याग्निक की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सलोनी अरोरा, मधु श्रीवास्तव और केदार डाबी के खिलाफ धोखाधड़ी, न्यायालय को गुमराह करने और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है. मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी का कहना है कि तीनों को आरोपी बनाया है. डाबी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि सलोनी और मधु की तलाश जारी है.

# चलती बाइक में दुपट्टा फंसा, महिला की मौत

**अस्पताल जाते समय चोरी हो गई बाइक**

**बेटे के साथ दर्शन को निकली थी महिला**

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. धार्मिक स्थल के दर्शन के लिए घर से निकली एक महिला की यात्रा दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गई. चलते वाहन में दुपट्टा पहिए में फंसने से महिला बाइक से गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. परिवार अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि हादसे के बाद वहीं खड़ी बाइक भी कोई चुरा ले गया.**

58 वर्षीय अनिता उर्फ रागिनी पति संजय जैन, निवासी राधा नगर, इंदौर अपने बेटे पलकेश जैन के साथ बाइक नम्बर एमपी 09 क्यू डी 1924 से बिलावली के दर्शन के लिए निकली थीं. रास्ते में क्षिप्रा के पास चलते समय अनिता का दुपट्टा बाइक के पिछले पहिए में फंस गया, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गई. हादसे में मां-बेटा दोनों सड़क पर गिरे, लेकिन अनिता को सिर में गंभीर चोट आई. उसी समय जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान, जो इंदौर से देवास की ओर जा रही थीं, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए महिला को अपनी गाड़ी से देवास जिला अस्पताल पहुंचाया. हालांकि तब तक अनिता ने दम तोड़ दिया.

हादसे की जगह पर बाइक खड़ी कर बेटा मां को अस्पताल ले गया था. जब वह लौटा तो देखा कि बाइक गायब थी. बताया जा रहा है कि बाइक में चाबी लगी रह गई थी, जिससे किसी ने मौके का फायदा उठाकर वाहन चुरा लिया. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोर की तलाश में जुटी है. एक ओर माँ की मौत का ग़म, दूसरी ओर चोरी की वारदात ने परिवार को और ज्यादा टूटने पर मजबूर कर दिया.

### ओडीओपी पुरस्कार में मप्र को मिला दूसरा स्थान

**भोपाल.** नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय एक जिला एक उत्पाद पुरस्कारों में मध्यप्रदेश को दूसरा स्थान मिला है. इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य के सभी शिल्पकारों और किसानों को बधाई दी. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, यह पुरस्कार उन शिल्पकारों, कारीगरों और किसानों को समर्पित है, जिनकी मेहनत से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है.

### पेज एक का शेष

**मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे सीएममें भाग लेंगे.**

यह प्रजेंटेशन जोर्ज बेटनकौर द्वारा दिया जाएगा. जिसमें मध्यप्रदेश में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकास पर चर्चा की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बाद में स्पेन फिल्म आयोग के अध्यक्ष मुलाकात करेंगे, जिसमें मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म शूटिंग और सहयोग पर चर्चा की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्राडो म्यूजियम का भ्रमण भी करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्पेन में बसे भारतीय व्यापार समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे और मैड्रिड में आयोजित विशेष रात्रि भोज में भाग लेंगे.

# लोकल से ग्लोबल की नीति को नई दिशा देगा भारत मार्ट

## सीएम डीपी वर्ल्ड व जेबेल अली फ्री जोन के अधिकारियों से मिले




**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के तीसरे दिन डीपी वर्ल्ड और जेबेल अली फ्री जोन के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर भारत मार्ट परियोजना और उससे जुड़ी लॉजिस्टिक्स संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की.**

यह बैठक भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है. डॉ. यादव ने भारत मार्ट को वैश्विक व्यापार का प्रवेशद्वार बताते हुए कहा कि यह आधुनिक व्यापार केंद्र भारतीय उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों की मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराएगा. भारत मार्ट 2026 में परिचालन में आएगा और 'लोकल से ग्लोबल' की नीति को नई दिशा देगा. भारत मार्ट, जेबेल अली फ्री जोन , दुबई में लगभग 2.7 मिलियन वर्ग फुट में विकसित किया जा रहा एक बहुआयामी अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है.

इसकी आधारशिला प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम द्वारा फरवरी 2024 में संयुक्त रूप से रखी गई थी. यह केंद्र डीपी वर्ल्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है और इसमें 1500 से अधिक शोरूम, अत्याधुनिक गोदाम और कार्यालय सुविधाएं शामिल होंगी.

### मप्र से भारत मार्ट तक निर्बाध कनेक्टिविटी

बैठक में विशेष रूप से मध्यप्रदेश में डीपी वर्ल्ड द्वारा प्रस्तावित रेल टर्मिनल और उज्जै-नागदा रूट को भारत मार्ट तक निर्बाध माल आपूर्ति का एक निर्णायक माध्यम बताया गया. यह लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी भारत से दुबई तक तेज़, किफायती और सुगम माल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, हमारी सरकार इस यात्रा को केवल व्यापार नहीं, बल्कि मप्र के आर्थिक भविष्य की नींव मान रही है. भारत मार्ट के ज़रिये हमारा प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत कड़ी बनेगा.

### डीपी वर्ल्ड संभावनाओं से भरा साझेदार

डीपी वर्ल्ड, दुबई स्थित एक अग्रणी वैश्विक लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता है, जो 78 से अधिक देशों में 100 से अधिक टर्मिनलों और पोर्ट्स का संचालन करता है. प्रति वर्ष 70 मिलियन टीईयू कंटेनर हैंडल करने वाली यह कंपनी विश्व की सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटरों में गिनी जाती है. डीपी वर्ल्ड भारत के मुंबई, मुंद्रा, कोचीन, चेन्नई और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख बंदरगाहों पर 6 टर्मिनलों का संचालन करती है. डीपी वर्ल्ड ने मप्र में इनलैंड कंटेनर डिपो, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, कृषि-लॉजिस्टिक्स हब और ड्राय पोर्ट के विकास में गहरी रुचि दिखाई है.

### चलती ट्रेन में नशीली फ्रूटी पिलाकर 4 यात्रियों से लूट

**खंडवा.** मुंबई से वाराणसी जा रही 22177 महानगरी एक्सप्रेस में सोमवार रात लूट की वारदात हुई. एक बदमाश ने जनरल कोच में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को नशीली फ्रूटी पिलाकर उनका बैग, मोबाइल और नगदी लूट ली. सभी यात्री उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. जानकारी के मुताबिक, खुद को यूपी के बनारस का बताने वाला आरोपी रास्ते में सहयात्री बनकर चढ़ा. उसने फ्रूटी में नशीला पदार्थ मिलाकर चारों को पिला दी और खुद भी पीने का नाटक किया. यात्रियों के बेहोश होते ही वह सामान लेकर फरार हो गया. सुबह खंडवा स्टेशन पर अन्य यात्रियों की सूचना पर रेलवे पुलिस ने चारों को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया.

### समाज की जड़ों को खोखला बना रहा है नशा

## नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ पर वीडियो संदेश में सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशा एक सामाजिक बुराई है. जो युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला बना रही है. नशे की जद में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं. नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में मंगलवार से 30 जुलाई तक प्रारंभ हुए नशामुक्ति अभियान - नशे से दूरी है जरूरी, के शुभारंभ अवसर पर वीडियो संदेश के माध्यम से यह विचार व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अत्यंत दु:खद है कि युवाओं के बीच नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है. युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें इस दलदल से बचाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है. नशे से दूरी है जरूरी, अभियान चलाने का उद्देश्य न केवल नशे को रोकना है बल्कि समाज में नई चेतना जागृत करना भी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से म.प्र. पुलिस द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने का आहवान किया है. उन्होंने कहा कि हमारा है यही संदेश- नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश. अभियान में उच्च शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास और स्कूल शिक्षा विभागों सहित एनजीओ और धार्मिक संस्थान की सक्रिय सहभागिता रहेगी.



# प्रदेश में 18 तक जारी रहेगा बारिश का दौर, ऑरेंज अलर्ट

▸ मऊगंज में होगी आज मूसलाधार बारिश

▸ 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 15 जुलाई. मप्र के सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज जिलों में बुधवार को मूसलाधार बारिश के आसार हैं. इन जिलों में मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी.**

इसके साथ ही रायसेन, विदिशा, सतना, नर्मदापुरम, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर सहित जिलों में बारिश होती रहेगी. इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. प्रदेश में फिलहाल 18 जुलाई तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना पूर्व में जताई गई है. प्रदेश के जिलों में लगातार बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है. खरगोन, झाबुआ, धार रतलाम, बैतूल, हरदा, खंडवा,दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, मंदसौर, नीमच, गुना,अशोकनगर, शिवपुरी, सहित जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं. बारिश की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है.

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी राजस्थान के मध्य भागों में डिप्रेशन 27.4ए उत्तरी अक्षांश और 75.4ए पूर्वी देशांतर के पास, सीकर से लगभग 40 किमी दक्षिण-पूर्व और चुरू से 110 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में अवस्थित है. अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तरी राजस्थान से होते हुए धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है. उत्तरी झारखंड और संलग्न दक्षिण बिहार पर एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र अवस्थित है.

# वैनगंगा नदी में फंसे युवक को एसडीआरएफ ने बचाया

**युवक दो घंटे तक झाड़ियों का सहारा लेकर फंसा रहा**

**जंगल में लकड़ी बीनने गया था ग्रामीण**

**बालाघाट, 15 जुलाई .यहां वैनगंगा नदी की तेज धार में एक युवक दो घंटे तक झाड़ियों का सहारा लेकर फंसा रहा. बाद में एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला.**

फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी भानु प्रताप धुपे दोपहर में मछली पकड़ने रेलवे पुलिया के पास गया था. अचानक उसका पैर फिसला और वह नदी में बह गया. तेज बहाव के बीच झाड़ियों का सहारा लेकर वह फंसा रहा. सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रस्सी व ट्यूब की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. एक बार रस्सी छूटने से वह फिर बहने लगा, लेकिन झाड़ी पकड़ कर दोबारा खुद को बचाया. भानु को तैरना आता था, जिससे वह रेस्क्यू में सहयोग कर पाया और सुरक्षित बाहर निकाला गया. समय रहते राहत कार्य न होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था.

**लापरवाही** ▸ अब बिना स्वीकृति के नहीं मिलेगा अवकाश, निर्देश जारी

# बिना अनुमति छुट्टी पर चले जाते हैं इंजीनियर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 जुलाई. एक तरहफ प्रदेश की जनता लोक निर्माण विभाग की इस लापरवाही से परेशान हैं कि उनकी बनाई सड़कें बारिश भी नहीं झेल पाती, और उधड़ जाती है, जिस कारण शहरों की सड़कों के साथ ही राज्य मार्ग, जिला मार्ग से लेकर एनएच तक में चलना मुश्किल हो जाता है, वहीं दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग है, जो कि अपने ही इंजीनियरों से परेशान है.**

विभाग की परेशानी ये है कि इंजीनियरों पर किसी बड़े अधिकारी का कोई भय नहीं है. वे न सिर्फ बिना अवकाश स्वीकृत कराये अपने कार्य क्षेत्र से बाहर चले जाते हैं, बल्कि वे सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना भी जरुरी नहीं समझते. विभाग में लगातार इस तरह के मामले सामने आने के बाद विभाग ने अब जाकर सख्ती दिखाई है और अब ऐसा करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी है.

पत्र के मुताबिक प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता एवं इस स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से अनुमति लेंगे, वहीं अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी प्रमुख अभियंता से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही मुख्यालय छोड़ेंगे. पत्र में बाकायदा चेतावनी दी गई है कि यदि बिना अनुमति के काई भी अधिकारी अपना मुख्यालय छोड़ता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी. यहां बता दें कि राजधानी भोपाल में लोनिवि की सड़कें बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई है. इन सड़कों का बारिश के बीच ही मरम्मत भी किया जाना है, वहीं अधिकारियों को ऐसी सड़कों पर निगरानी रखने और समय पर मरम्मत के निर्देश दिये गये हैं, लेकिन बिना बताये अफसरों के अवकाश पर चले जाने से कार्य प्रभावित होता है.

> लोक निर्माण विभाग ने सोमवार को इस संबंध में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण, प्रमुख अभियंता भवन, सभी मुख्य अभियंता, भवन लोक निर्माण परिक्षेत्र, प्रमुख वास्तुविद सह मुख्य अभियंता लोनिवि, सभी अधीक्षण यंत्री, भवन, लोनिवि सभी कार्यपालन यंत्री भवन को इस संबंध में पत्र लिखा है. पत्र में साफ- साफ कहा गया है कि विभाग में कार्यरत अधिकारी बिना अनुमति के भोपाल में एवं अपने कार्यक्षेत्र से बाहर चले जाते हैं, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है, साथ ही शासन द्वारा वांछित जानकारी निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त नहीं होने से अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7390/60**